सूचीकरण प्रायोगिक

AACR-2

सूचीकरण : प्रायोगिक

Cataloguing : Practical

[ऐंग्लो अमेरिकन कैटलागिंग रूल्स-2 के नियमानुसार अंग्रेजी और हिन्दी की पुस्तकों के उदाहरण सहित]

...दिशा में एक लघु प्रयास किया

लेखक
द्वारकाप्रसाद शास्त्री
पूर्व अध्यापक
पुस्तकालय विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र
इलाहाबाद

साहित्य भवन प्रा० लि०
जीरोरोड, इलाहाबाद २११००३

CATALOGUING : PRACTICAL
BY
DWARKA PRASAD SHASTRI

संस्करण : 1993

साहित्य भवन (प्रा0) लि0, 93, के.पी. कक्कड़ रोड, इलाहाबाद से प्रकाशित तथा इंस्टैन्ट लेजर प्रिंटर्स, इलाहाबाद द्वारा फोटो टाइप सेटिंग एवं ग्रैफिक स्टेशनरी मैन्युफैक्चर्स, १८६/५, टैगोर टाउन, इलाहाबाद द्वारा मुद्रित

भूमिका

ऐंग्लो अमेरिकन कैटलागिंग रूल्स-2 (AACR-2) पुस्तकों और अन्य अध्ययन-सामग्री के सूचीकरण करने की नवीनतम नियामवली है। यह बहुत व्यापक और विस्तृत है। इसका प्रचार और व्यवहार आजकल बड़े स्तर पर हो रहा है। विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय विज्ञान विभाग में इसका अध्ययन-अध्यापन कई वर्षों से होता आ रहा है। इस नियमावली या संहिता के प्रसिद्ध नियमों को ले कर अंग्रेजी भाषा में कई पुस्तकें भी लिखी गईं हैं। उनमें अंग्रेजी भाषा में लिखित भारतीय पुस्तकों और विदेशों में प्रकाशित अंग्रेजी भाषा की पुस्तकों को उदाहरण के रूप में चुन कर दिया गया है। एक भी ऐसी पुस्तक मुझको देखने के लिए नहीं मिली जो हिन्दी में लिखी गई हो और उसमें हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं से चुन कर उदाहरण दिये गये हों। इस अभाव की पूर्ति के लिये मैंने इस दिशा में एक लघु प्रयास किया है।

इस पुस्तक में AACR-2 के प्रयोग पक्ष को लिया गया है। इसमें व्यवहार में अधिक आने वाले नियमों को चुन कर उनका भावानुवाद हिन्दी में कर के उसके नीचे हिन्दी और अंग्रेजी में उदाहरणों को दिया गया है। जैसे, एक व्यक्ति लेखक, संयुक्त लेखक, तीन संयुक्त लेखक, तीन से अधिक संयुक्त लेखक, और अनाम लेखक, छद्म नाम वाले लेखक, विविध प्रकार के समष्टि लेखक, साहित्यिक पुस्तकें, धार्मिक ग्रन्थ तथा संपादित पुस्तकों के सम्पादक एवं सामयिकों से सम्बन्धित नियमों को चुन कर उनका हिन्दी भावानुवाद उदाहरण सहित समुचित विराम चिह्नों को यथास्थान लगा कर प्रस्तुत किया गया है। विराम चिह्नों को हिन्दी पुस्तकों के संलेख में लगाने तथा संक्षिप्त रूपों एवं अन्य संकेतों को एक निश्चित रूप में लिखने का मानक रूप भी दिया गया है। ऐसा करते समय निर्धारित विराम चिह्नों में अधिक हेर-फेर नहीं किया गया है।

इस पुस्तक में विभिन्न पुस्तकों को उदाहरण के रूप में चुनने का कार्य मैंने स्वयं किया है। कुछ उदाहरणों को खोज कर देने में मेरे अनुज श्री सुरेश चन्द्र मिश्र (पुस्तकालयाध्यक्ष एन.ए.के.पी. डिग्री कॉलेज फर्रूखाबाद) तथा मेरे मित्र एवं शिष्य श्री जी. एच. के. मिल्टन (सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष ई.सी.सी. कालेज इलाहाबाद) ने मेरी सहायता की है। इसके लिए मैं इनको हार्दिक धन्यवाद देता हूं। लखनऊ विश्वविद्यालय में पुस्तकालय विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री एन.आर. सत्यनारायण जी ने AACR-2 तथा कई अन्य पुस्तकों को उपयोग के लिए दे कर तथा यत्र-तत्र कुछ परामर्श दे कर सहायता की है। एतदर्थ उनके प्रति मैं आभार प्रकट करता हूँ।

इस टेक्निकल पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए हिन्दी जगत की मान्य एवं सुप्रसिद्ध संस्था साहित्य भवन प्रा0 लिमिटेड के संचालक श्रीमान् गिरीश टंडन जी का मैं आभारी हूँ।

उन्होंने हिन्दी में पुस्तकालय विज्ञान विषय पर अनेक पुस्तकों को प्रकाशित करके इस विषय को समृद्ध करने का श्रेय प्राप्त किया है। पुस्तक का प्रूफ मेरे मित्र श्री भोलानाथ मालवीय जी ने मनोयोगपूर्वक पढ़ा है । मैं उनके प्रति भी धन्यवाद प्रकट करता हूँ। मैंने लेज़र प्रिंट में कम्प्यूटर के सामने कई दिन बैठ कर संशोधन कराये हैं। वहाँ के स्वामी श्री एस.एम. खालिद साहब और सहयोगी कर्मचारियों ने धैर्यपूर्वक संशोधन किया है। उनके प्रति भी मैं धन्यवाद प्रकट करता हूँ।

मुझको विश्वास है कि इस पुस्तक से पुस्तकालयों में अंग्रेजी तथा विशेष रूप से हिन्दी की तथा अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकों के प्रायोगिक सूचीकरण में सहायता मिलेगी। साथ ही इस विषय के अध्ययन और अध्यापन में भी यह पुस्तक सहायक सिद्ध होगी। तब मैं अपने श्रम को सफल समझूँगा। महाकवि कालिदास की उक्ति है- 'क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते'।

दिनांक : 15 अगस्त, 1990

लेखक

विषय-सूची

उदाहरणों की सूची

कृपया ध्यान दें

1. बनाये हुए संलेखों में कुछ कार्डों पर ट्रेसिंग का संलेख कुछ ऊपर सेट हो गया है। उसको कार्ड के छेद से थोड़ा ऊपर होना चाहिए। संलेख बनाते समय इसपर ध्यान रखें।
2. रोमन अंकों का प्रावधान कम्प्यूटर में न होने के कारण उसको हाथ से जैसा बनाया गया है ट्रेसिंग में वैसा ही लिखें।

अध्याय 1

सूचीकरण का परिचय


(Introduction to Cataloguing)

आजकल पुस्तकालयों में पुस्तकें तथा अन्य अध्ययन-सामग्री का संग्रह किया जाता है। उनकी सूची (Catalogue) बनाई जाती है। उसका उपयोग पुस्तकालय में आने वाले पाठक (Reader) तथा पुस्तकालय के कर्मचारी करते हैं। अपना निजी पुस्तकालय हो तो हम अपने मनमाने ढंग से उसकी सूची बना सकते हैं, किन्तु जहाँ बाहरी व्यक्ति पढ़ने के लिए आते हों वहाँ की सूची वैज्ञानिक विधि से निश्चित नियमों के अनुसार बनाई जानी चाहिए जिससे उपयोगकर्ता का समय बच सके। वह सरलतापूर्वक सूची देख कर यह जान सके कि पुस्तकालय में उसकी मनचाही पुस्तक है या नहीं। इतना ही नहीं, यदि किसी पाठक को पुस्तक का केवल विषय (Subject) मालूम हो या केवल पुस्तक-नाम या लेखक मालूम हो अथवा उस पुस्तक के सम्पादक (Editor), टीकाकार (Commentator) की जानकारी हो, या संयुक्त लेखकों (Joint Authors) में से किसी एक का भी नाम मालूम हो तो भी सूची देखकर अपनी मनचाही पुस्तक के बारे में वह जान सके कि वह पुस्तक है या नहीं। सूची देखकर वह यह भी जान सके कि उसके विषय की पुस्तकों में से कौन सी पुस्तक उसके लिए उपयोगी है। कहने का आशय यह है कि पुस्तकालय की सूची वैज्ञानिक और सर्वांगपूर्ण होनी चाहिए। ऐसी ही सूची पुस्तकालय की ताली के समान होती है। ऐसी सूची से ही पाठकों का समय बचता है। पुस्तकों का अधिक से अधिक उपयोग होता है और पुस्तकालय लोकप्रिय होता है।

पत्रक सूची (Card Catalogue)

आजकल वैज्ञानिक और सर्वांगपूर्ण सूची 5 इंच x 3 इंच के पत्रक (Card) पर बनाई जाती है। ये कार्ड सादे और रूलदार दो प्रकार के होते हैं। हाथ से सूची बनाने के लिए रूलदार कार्ड और टाइप करके सूची बनाने के लिए सादे कार्ड अच्छे होते हैं। ये पुस्तकालय की टेकनिकल सामग्री की पूर्ति करने वाली कम्पनियों से मँगा लिये जाते हैं। इन्हें संक्षेप में 'सूचीकार्ड' भी कहते हैं।

सूचीकार्ड का नमूना



कार्ड पर एक पड़ी लाल लाइन होती है और दो खड़ी लाल लाइनें होती हैं। ये विशेष उद्देश्य से बनाई जाती हैं। सूची बनाने के नियमों के अनुसार इनका उपयोग किया जाता है। कार्ड पर पड़ी लाल लम्बी रेखा को शीर्षक रेखा (Heading Line) कहते हैं। बाईं ओर की खड़ी पहली लाल रेखा को प्रथम इन्डेंशन (First Indention) और दूसरी दाईं ओर की लाल रेखा को द्वितीय इन्डेंशन (Second Indention) कहते हैं। ये नाम भी विशेष उद्देश्य से रखे गये हैं।

सूची बनाने के कार्य को सूचीकरण (Cataloguing) कहते हैं और सूची बनाने वाले को सूचीकार (Cataloguer) कहते हैं।

पुस्तक का विवरण (Description of the Book)

पुस्तकों को देखने से यह स्पष्ट होता है कि उनमें अधिक से अधिक निम्नलिखित उल्लेख मिलते हैं।

1. लेखक (Author)
2. पुस्तक का नाम (Title)
3. पुस्तक के टीकाकार (Commentator), अनुवादक (Translator), संपादक (Editor), संकलनकर्ता (Compiler), संशोधक (Reviser), संयुक्त लेखक (Joint

- Author), चित्रकार (Illustrator)
4. पुस्तक का संस्करण (Edition)
5. पुस्तक का प्रकाशन स्थान (Place of Publication), प्रकाशक (Publisher), प्रकाशन का वर्ष (Year of Publication)
6. पुस्तक की पृष्ठ संख्या (Pages), पुस्तक के चित्रण आदि (Illustration, Chart, Plate, Map etc.), पुस्तक का आकार (Size), माला (Series), उपमाला (Sub-Series)
7. टिप्पणी के योग्य कोई उल्लेखनीय वस्तु (Note)
8. पुस्तक की विषय सूची (Content)
9. पुस्तक का विषय (Subject)

किसी भी पुस्तक में कम से कम लेखक, पुस्तक का नाम, पुस्तक का प्रकाशन स्थान, प्रकाशक, पृष्ठ संख्या, पुस्तक का आकार विषय तो दिये ही जाते हैं। प्रायः प्रकाशन का वर्ष और संस्करण भी कुछ पुस्तकों में नहीं देते किन्तु अधिकांश में तो दिया ही जाता है। पुस्तक में मुद्रक (Printer), मूल्य (Price) और जिल्दबन्दी (Binding) आदि का उल्लेख भी मिलता है।पुस्तकों के उपयोगकर्ताओं की दृष्टि से उपयोगी न होने के कारण उनको सूची में नहीं लिखा जाता किन्तु वाङ्मयसूची (Bibliography) बनाने में उनका प्रयोग आवश्यकतानुसार किया जाता है।

संलेख (Entry)

कार्ड पर इनका विवरण वैज्ञानिक विधि से सूचीकरण के नियमों के अनुसार लिखा जाता है। इस लेखन को संलेख (Entry) कहते हैं अर्थात् उपयुक्त शीर्षक के अन्तर्गत सूची में पुस्तक या अन्य अध्ययन-सामग्री का नियमानुसार लिखना संलेख (Entry) कहलाता है।

संलेख के प्रकार (Types of Entries)

संलेख तीन प्रकार के होते हैं:

1. मुख्य संलेख (Main Entry)
2. अतिरिक्त संलेख (Added Entry)
3. अन्तर्निर्देशी संलेख (Cross Reference Entry) या रिफ्रेंस।

इनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :

1. मुख्य संलेख (Main Entry)

पुस्तक का मुख्य संलेख सूचीकरण के नियमों के अनुसार किया जाता है। नियम ही यह बताता है कि किस प्रकार की पुस्तक का मुख्य संलेख किसके अन्तर्गत बनाया जाय। इस पुस्तक में आगे दिये उदाहरणों से यह ज्ञात हो सकेगा।

सामान्य रूप से इतना जान लेना चाहिए की विषय को प्रधानता देने पर सूची में मुख्य संलेख पुस्तक के विषय के अन्तर्गत बनाया जाता है। लेखक को प्रधानता देने पर सूची में

कुछ अपवादों (Exceptions) को छोड़कर मुख्य संलेख पुस्तक के लेखक के अन्तर्गत बनाया जाता है।

2. अतिरिक्त संलेख (Added Entry)

मुख्य संलेख में दिये गये विवरण के आधार पर टीकाकार (Commentator), अनुवादक (Translator), संशोधक (Reviser), संपादक (Editor), संयुक्त लेखक (Joint Author), माला (Series), संकलनकर्ता (Compiler), चित्रकार (Illustrator) और लेखक की प्रधानता वाली सूची में विषय के अतिरिक्त संलेख बनाये जाते हैं।

3. अन्तर्निर्देशी संलेख (Cross Reference Entry)

यह संलेख विशेष स्थिति में उन नामों और विषयों के संकेत देने के लिये पुस्तकों के उपयोगकर्ता की सहायता के निमित्त बनाये जाते हैं जिन नामों और विषयों को सूची में स्वीकार नहीं किया जाता है। जैसे, (Politics) देखिये (Political Science), (Clemens Samuel Langhorne) देखिये (Twain Mark)। किसी विषय पर और अधिक अध्ययन-सामग्री पाठकों को बताने के लिए 'और भी देखिए' (See Also) शब्द से संकेत दिया जाता हैं। इनके उदाहरण आगे इस पुस्तक में दिये गये हैं।

सूची के प्रकार (Kinds of Catalogue)

सूची मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है।

1. अनुवर्ण सूची (Dictionary Catalogue)
2. अनुवर्ग सूची (Classified Catalogue)

इनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है :

1. अनुवर्ण सूची (Dictionary Catalogue)

अनुवर्ण सूची (Dictionary Catalogue) में मुख्य संलेख, अतिरिक्त संलेख और अन्तर्निर्देशी संलेखों को कोश (Dictionary) की भांति A से Z तक और हिन्दी में अ से ह तक अक्षर क्रम से लगाकर कार्ड कैबिनेट की दराजों में फाइल कर दिया जाता है। इसको फाइल करने के नियम (Filing Rules) बने हुए हैं। प्रत्येक दराज के बाहर लेबुल होल्डर के भीतर लगे लेबुल पर उसके भीतर लगे हुए अक्षर के आदि से अन्त को संकेत में लिख दिया जाता है, जैसे डिक्शनरी के प्रत्येक पृष्ठ के ऊपर लिखा रहता है।

2. अनुवर्ग सूची (Classified Catalogue)

इस प्रकार की सूची में पुस्तक के विषय को प्रधानता दी जाती है। पुस्तकों का वर्गीकरण (Classification) वर्गकार (Classifier) किसी प्रामाणिक और परीक्षित वर्गीकरण पद्धति (Classification Scheme) से करता है। वह प्रत्येक पुस्तक पर उसकी क्रामक संख्या (Call Number) लिखता है। सूचीकार उसी के अनुसार विषय का मुख्य संलेख तथा अतिरिक्त एवं अन्तर्निर्देशी संलेखों को बनाता है। कार्ड कैबिनेट की दराज

में विषय संलेख के कार्डों को वर्ग संख्या (Class Number) के अनुसार अलग-अलग दराजों में फाइल कर देता है और अतिरिक्त संलेखों और अन्तर्निर्देशी संलेखों तथा वर्गनिर्देशी संलेखों को अनुक्रमणिका भाग (Index Part) में अलग-अलग दराजों में डिक्शनरी कैटलॉग की भाँति फाइल कर देता है। अनुवर्ण सूची में विषय के संलेख वर्णक्रम के दबाव (Alphabetical Pressure) में घुल-मिल जाते हैं किन्तु इस अनुवर्ग सूची में ऐसा नहीं होता।

* * *

अध्याय 2

सूचीकरण में विराम चिह्नों का प्रयोग

(Use of Punctuation Marks in Cataloguing)

सूचीकरण संहिता (Cataloguing Code)

पुस्तकों तथा अन्य अध्ययन-सामग्री का सूचीकरण करने का कार्य निश्चित नियमों के अनुसार किया जाता है। इससे सूची में एकरूपता (Uniformity) बनी रहती है और उपयोगकर्ताओं को पुस्तकें मिलने में सुविधा होती है। सूचीकरण के नियमों को बताने वाली पुस्तकों को सूचीकरण नियमावली (Cataloguing Rules) या सूचीकरण संहिता (Catalogue Code) कहते हैं। आजकल अनुवर्ण सूची (Dictionary Catalogue) बनाने के लिए ए. ए. कैटलागिंग रूल्स (A.A. Cataloguing Rules) को अधिकांश रूप में अपनाया जाता है। इसका सबसे बाद का संशोधित संस्करण 1978 में बनाया गया। इसको AACR-2 कहते हैं। अनुवर्ग सूची (Classified Catalogue) बनाने के लिए अनुवर्ग सूची संहिता प्रचलित है। इसको Classified Catalogue Code तथा संक्षेप में C.C.C. भी कहते हैं। इस पुस्तक में AACR-2 के सन् 1980 ई. में संशोधित द्वितीय संस्करण के अनुसार सूची बनाने की विधि, नियम और उदाहरण सहित, बताई जायगी।

ऐकिक पत्रक (Unit Card)

सूची बनाने में सूची कार्ड का उपयोग किया जाता है। कार्ड का नमूना पीछे दिया गया है। यह भी बताया गया है कि पुस्तक में अधिक से अधिक कितना विवरण दिया जाता है, जिसको कार्ड पर नियमों के अनुसार लिखा जाना चाहिए। पहले प्रथा यह थी कि मुख्य संलेख में तो पुस्तक से पूरा विवरण नियमों के अनुसार दिया जाता था। अतिरिक्त संलेखों (Added entries) को बनाते समय मुख्य संलेख (Main Entry) के विवरणों को ज्यों का त्यों पूर्ण रूप से न दे कर काफी कटौती कर दी जाती थी। परन्तु अब यह उचित नहीं माना जाता क्योंकि विवरण देने में कटौती कर देने से सूची देखने वाले पाठकों को अतिरिक्त संलेख के कार्डों से पूर्ण सूचना नहीं मिल पाती थी। अतः अब मुख्य संलेख और अतिरिक्त संलेख का एक समान विवरण दिया जाने लगा है। इसको ऐकिक पत्रक प्रणाली (Unit Card System) कहते हैं। इस पुस्तक में AACR-2 के साथ ही ऐकिक पत्रक प्रणाली (*Unit Card System*) को भी अपनाया गया है।

संलेख और अलगाव चिह्न

सूची कार्ड पर पुस्तक से प्राप्त विवरणों को सूचीकरण के नियमों के अनुसार लिखना होता है। उसे संलेख (Entry) कहा जाता है। उन विवरणों का एक क्रम होता है। एक

विवरण को दूसरे विवरण से अलग करने के लिए कुछ चिह्न लगाये जाते हैं जिससे एक विवरण दूसरे विवरण से मिल न सके।

सूची बनाने में सूची कार्ड पर निम्नलिखित विराम चिह्नों तथा अन्य चिह्नों का प्रयोग किया जाता है।

=	Equal	इक्वल	समान
:	Colon	कोलन	द्विविन्दु
/	Diagonal Slash	डाइगोनल स्लैस	विकर्ण,तिरछाकट
.—	Full Stop, Space	फुलस्टाप, स्पेस	पूर्ण विराम; स्थान
	Dash-Space	डैश-स्पेस	रेखिका-स्थान
;	Semicolon	सेमीकोलन	अर्द्ध विराम
,	Comma	कामा	अल्प विराम
+	Plus	प्लस	धन का चिह्न
(	Small Bracket	स्माल ब्रैकेट	लघु कोष्ठक
	Starter	स्टार्टर	प्रारम्भक
)	Small Bracket	स्माल ब्रैकेट	लघु कोष्ठक
	Arrester	अरेस्टर	रोधक
...	[et al.]	एट अल	और अन्य
1,2,3 etc		वन,टू,थ्री etc.	वन, टू, थ्री आदि
	Arabic No.	अरैबिक नम्बर	अरबी अंक
I,II,III etc.		वन, टू, थ्री etc.	एक दो तीन आदि
	Roman No.	रोमन नं.	रोमन अंक
...	Omission	ओमिशन	छूट का संकेत
.	Full Stop	फुलस्टाप	पूर्ण विराम

प्रयोग (Usage)

= Equal समान

जब किसी पुस्तक का टाइटिल दो नाम का होता है या हो जाता है तो दोनों के बीच में = का प्रयोग किया जाता है।

जैसे, History of Modern India = आधुनिक भारत का इतिहास

मेघदूत = Cloud Messenger

ऐसा अनुवाद करने पर होता है। पहली पुस्तक का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद किया गया है। दूसरी पुस्तक कालिदास के मेघदूत का अंग्रेजी में अनुवाद करने पर नाम रखा गया है।

एक ही भाषा में दो नाम भी होते हैं।

जैसे, बुधुआ की बेटी = मनुष्यानन्द

जब टाइटिल or लिख दिया जाता है तब समान सूचक चिह्न = नहीं लगता ।

जैसे, Call from the East, or, Good Old Days.

नामलिंगानुशासन, या, अमरकोश

: कोलन का प्रयोग

(i) किसी टाइटिल के अन्य टाइटिल (Subtitle) के लिए।

जैसे, Book selection : an introduction to principles and practices

परमाणु : विनाश के कारण

(ii) प्रकाशन स्थान के बाद

जैसे, दिल्ली : राजपाल ऐण्ड सन्स

London : Macmillan

(iii) पृष्ठ संख्या के बाद यदि चित्रण (Illustration) का विवरण हो।

जैसे, 930P : ill

/ डाइगोनल स्लैस

(i) पुस्तक के टाइटिल का विवरण पूरा देने के बाद

जैसे, Text book of organic chemistry/by R.K. Sharma

मेघदूत/कालिदास कृत

(ii) संस्करण के विवरण के बाद, लेखक के अतिरिक्त यदि अन्य व्यक्ति द्वारा संशोधन किया गया हो या भूमिका लिखी गई हो।

जैसे .— 2nd ed./revised by Ernest Gowers

— स्पेस फुल स्टाप डैस स्पेस

(i) पुस्तक के संस्करण विवरण से पहिले

जैसे .— 5th ed. .— 2 रा सं.

(ii) संस्करण विवरण के बाद और प्रकाशन स्थान से पहले।

जैसे .— 5 ed .— Lucknow : Print House, 1886

(iii) पुस्तक की सीरीज विवरण से पहले और पुस्तक की साइज विवरण के बाद

जैसे, 336p; 21cm.— (Library Association Series of Library manual ; 93)

(iv) नोट में प्रथम नोट के बाद जब दूसरा नोट लिखना हो

जैसे, Commentary in English.— Hindi Version included

; सेमीकोलन का प्रयोग :

(i) यदि कई प्रकाशन स्थान हों तो प्रथम प्रकाशन स्थान के बाद।

जैसे, दिल्ली; न्यूयार्क : विकास पब्लिशिंग हाउस, 1973.

Delhi; London : S. Chand & Co, 1956.

(ii) माला (Series) और उपमाला (Subseries) के लिखने के बाद उनका क्रमांक (Serial No) लिखने से पहले।

जैसे — (Department of State Publication; 8583- East Asian and Pacific series; 83)

(iii) पुस्तक का आकार (साइज) लिखने के पहले।

जैसे, 118P; 22cm.

(iv) अगर टाइटिल में लेखक या लेखकों के नाम के साथ (with) शब्द से अन्य कुछ विवरण दिया जाता है।

जैसे, Jesse H. Shera and Margaret E. Egan; with a code for the construction and maintenance of the classified catalogue by Jeannette M. Lynn ---

, कामा का प्रयोग

(i) प्रकाशन वर्ष के पहिले।

जैसे___, 1987

(ii) टाइटिल में यदि दो से अधिक विषय हों तो उनके अलगाव के लिए।

The solid state : an introduction to the physics of crystal for student of physics, material science and engineering.

(iii) यदि प्रथम लेखक के नाम के साथ With लिख कर टाइटिल में दिया रहे।

जैसे, James H.L. Roach, with Barbara R. Sherman and Patricia P. Roach.

(iv) यदि तीन संयुक्त लेखक होते हैं तो प्रथम लेखक के नाम के अंत में लगता है। जैसे- भारत का आर्थिक विकास / मदन मोहन श्रीवास्तव, पी.बी. गोलवल्कर और चन्द्रभूषण शर्मा.___

+ धन का चिह्न

इस चिह्न का प्रयोग पुस्तक के आकार के बाद उसके अन्त में दी गई अध्ययन-सामग्री (Accompanying material) को बताने के लिए पुस्तक के आकार cm या सम शब्द के बाद किया जाता है।

जैसे___ 320 पृ0 : चित्रण; 29 सम + अनुक्रमणी

( ) कोष्ठक

(i) इस सरल कोष्ठक का प्रयोग माला (Series) के प्रारम्भ में किया जाता है। कोष्ठक का आरम्भक (लगाकर सीरीज लिखी जाती है और अन्त में Arrester) लगाकर बन्द कर दिया जाता है।

(Unesco collection series work; 31)
(विदेशी इतिहास सीरीज नं.; 29)
(ii) उपमाला को माला के अन्तर्गत ही लिखा जाता है। उनके अलगाव के लिए अलग कोष्ठक नहीं लगाया जाता।

जैसे— (Department of State publication; 8583-East Asian Pacific series; 189)

किन्तु यदि एक ही पुस्तक की दो सीरीज हों तो उनमें से प्रत्येक को अलग-अलग ब्रैकेट में लिखा जाता है।

जैसे— (Ranganathan series in library science; 4) (Madras Association Publication series; 26)

...[et al.] का प्रयोग

यदि किसी पुस्तक के तीन से अधिक लेखक या सम्पादक होते हैं तो प्रथम लेखक या संपादक के नाम के बाद तीन डाट ... लगा कर ब्रेकेट में [et al.] लिखा जाता है।

जैसे— Theory of subject catalogue/E.T. Coates ... [et al.]

इस पुस्तक के तीन लेखक और हैं- W.J. Williams, R.O. Roberts तथा S.R. Ranganathan.

सहकार (collaborators) कई हों तो वहाँ भी यह लागू होता है। जैसे - Miton Rokeach in collaboration with Rechard Border ... [et al.]

इसमें लेखक तो एक है किन्तु उसके कई सहकार या सहयोगी लेखक हैं। हिन्दी में इस चिह्न के लिए ब्रेकेट में [और अन्य] लिखना चाहिए।

जैसे— जे.के. मेहता / ... [और अन्य]

1, 2, 3 आदि अरबिक अंक

इन अरबिक अंकों का प्रयोग निम्नलिखित स्थानों पर किया जाता है।

(i) सूची कार्ड पर निचले भाग में पुस्तक के विषय और उपविषय (subject and secondary subject) का संकेत देने के लिए।

जैसे— 1. Mathematics-Philosophy 2. Mathematical recreation.

1. अर्थशास्त्र

(ii) मूल (Text) की पुस्तकों की पृष्ठ संख्या लिखने में।

जैसे, 306 p. ;

(iii) पुस्तकों के खंडों को सूचित करने के लिए।

जैसे:- 4 V.

(iv) पुस्तक की माला और उपमाला के क्रमांक लिखने के लिए।

—(Ranganathan series in Library Science; 4)

(v) पुस्तक का प्रकाशन वर्ष लिखने के लिए।

Chicago : American Library Association, 1974

(vi) क्रामक संख्या (Call Number) लिखने के लिए।

जैसे- 320

A99H

नोट :- इस अंक को अपनी वर्नाकुलर भाषा के अंकों में भी लिखा जाता है।

I, II, III, आदि रोमन अंक

रोमन अंकों का प्रयोग निम्नलिखित स्थानों पर होता है

(i) मूल पुस्तक (Text) जहाँ से पेज नम्बर 1 से प्रारम्भ हो, इससे पहले प्रारम्भ में लगे पृष्ठों की संख्या बताने के लिए।

जैसे - xiii, 432 p.;

इसका अर्थ है कि इस पुस्तक में 13 पेज भूमिका आदि के हैं और पुस्तक में 1 से 432 पृष्ठ अलग हैं।

(ii) पुस्तक के संयुक्त लेखक, सम्पादक आदि जिनके अतिरिक्त संलेख बनाये जाते हैं उनके तथा टाइटिल और अन्तर्निर्देशी संलेखों के बनाये जाने वाले संलेखों का संकेत (Reference) सूचीकार्ड पर निचले भाग में बड़े रोमन अंकों में दिये जाते हैं।

I. Wrightman, Lawrence S. II Cook, Stuart W. III Title

I जोशी, प्रेमशंकर II शर्मा, देवधर III आख्या

... छूट (Omission)

(i) सूचीकरण में पुस्तक का नाम आदि बहुत लम्बा हो तो उसका कुछ अंश छोड़ दिया जाता है। इसके बताने के लिए छूट का चिह्न ... लगा देते हैं।

जैसे—The American book of the day : a compedium of information about holidays, festivals...

इस पुस्तक का पूरा नाम इतना ही लम्बा और है। अतः आगे का अंश छोड़ दिया गया है।

(ii) जहाँ तीन से अधिक लेखक और सम्पादक आदि होते हैं वहाँ भी एक नाम के बाद छूट के चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

जैसे:- John W.P. Ost ... [et al.]

यहाँ पर इस लेखक के साथ तीन लेखक और हैं।

चन्द्र प्रकाश शर्मा... [और अन्य]

यहाँ भी तीन अन्य लेखक हैं।

❋ ❋ ❋

अध्याय 3

संलेख के अंग और उनकी लेखन विधि

(Parts of Entries and their Rendering)

पीछे बतलाया गया है कि पुस्तक में अधिक से अधिक कितने विवरण पाये जाते हैं। इन विवरणों को सूचीकरण में कुछ टेकनिकल नाम दिये गये हैं।

1. लेखक (Author)
2. पुस्तक का नाम (आख्या) (Title)
3. पुस्तक के टीकाकार आदि (सहकार) (Callaborator)
4. पुस्तक का संस्करण (संस्करण) (Edition)
5. पुस्तक के प्रकाशन का स्थान, प्रकाशक, प्रकाशनवर्ष (मुद्रणांक) (Imprint)
6. पुस्तक की पृष्ठ संख्या, चित्रण और पुस्तक – आकार (शारीरिक विवरण) (Physical Description)
7. माला, उपमाला (Series, Subseries)
8. टिप्पणी (Note)
9. विषय सूची (contents)
10. विषयादि संकेत

इनको ऊपर दिये हुए क्रम से सूची कार्ड पर लिखा जाता है। इनमें से जो विवरण पुस्तक में नहीं दिये रहते उनका स्थान नहीं छोड़ा जाता। विवरण को अलग करने के लिए = : / . ___ ; ( ) ... [et al.] .... + [ ] इन चिह्नों और 1, 2, 3, आदि अरबिक अंकों और i, ii, iii आदि बड़े छोटे रोमन अंकों का प्रयोग किया जाता है। इनका प्रयोग उदाहरण के साथ आगे दिया गया है। इन विवरणों के अतिरिक्त पुस्तकालय में पुस्तक जिस वर्ग (Class) में रखी जाती है, उसके विषय (subject) का अंकन (Notation) अर्थात् वर्गांक (Class Number) तथा एक वर्ग में आई अनेक पुस्तकों का आपस में अलगाव करने के लिए ग्रंथांक (Book Number) वर्गकार (classifier) प्रत्येक पुस्तक में निश्चित स्थान पर लिख देता है। ये दोनों अर्थात् वर्गांक और ग्रंथांक मिलकर क्रामक संख्या कहलाती है। इसके अतिरिक्त सूचीकार की सहायता के लिए वर्गकार यह संकेत भी लिख देता है कि पुस्तक के कौन-कौन से अतिरिक्त संलेख और अन्तर्निर्देशी संलेख (यदि आवश्यक हो) बनाये जायँ। इनको विषयादि संकेत (Tracing) कहते हैं। ये उल्लेख सूचीकार्ड के निचले भाग में दिये जाते हैं। इनमें विषय और उपविषय के लिए अरबिक अंकों का और अन्य अतिरिक्त तथा अन्तर्निर्देशी संलेखों के लिए रोमन अंकों का प्रयोग क्रमशः किया जाता है। पुस्तक का

परिग्रहण क्रमांक (Accession No.) भी कार्ड पर लिखा जाता है।

क्षेत्र (Area)

सूची कार्ड पर इन विवरणों को लिखने का क्षेत्र निर्धारित कर दिया जाता है। पुस्तक का जो विवरण लिखना होता है उसके लिये निर्धारित क्षेत्र में लिखा जाता है। सूची कार्ड पर यह क्षेत्र इस प्रकार होता है।

Call Number	Heading
ACC. No	Title proper = Parallel title/Other title/statement of authorship area; other authors.—— edition statement/ edition author statement.—— place; Other places : Publisher, Publishing year Pagination: Illustration; size + accompanying materials.—— (Series; subseries; serial number) Notes Content ISBN. 1. Subject heading I Added entries O

क्रामक संख्या	शीर्षक
परिग्रहण क्रमांक	मूल आख्या = समानान्तर आख्या ; अन्य आख्या/लेखकीय क्षेत्र का विवरण; अन्य लेखक.—— संस्करण विवरण / संस्करण लेखक का विवरण.—— स्थान; अन्य स्थान: प्रकाशक, प्रकाशन वर्ष पृष्ठ: चित्रण; आकार + संलग्न सामग्री.——(माला; उपमाला; क्रमांक) टिप्पणी विषय सूची मानक क्रमांक 1. विषय शीर्षक, I अतिरिक्त संलेख O

सरल शब्दों में इसका खाका नीचे दिया गया हैं

Skeleton for Entry on Catalogue Card

Class No. Book No.	Heading	
Acc. No.		Title.. .. ../Author.. .. ..;Collaborator.. .. .. —— edition.. .. .. .. — Place: . Publisher.. .. .. , year....... Page : Illustration ; Size.—— (Series; No – Subseries; Serial No.) Notes content Tracing 1................. O

सूचीकार्ड पर संलेख का खाका

संग्रहांक वर्गांक्र ग्रंथांक	शीर्षक	
परिग्रहण क्रमांक		आख्या.. .. ../लेखक. .. .. ;सहकार.. .. .. —— संस्करण.. .. .. —— स्थान : प्रकाशक .. .., प्रकाशन वर्ष.. .. .. पृष्ठः चित्रण; आकार.——(माला; क्रमांक...उपमाला; क्रमांक...) टिप्पणी विषय सूची विषयादि संकेत 1.................. O

1. लेखक (Author)

लेखक दो प्रकार के होते हैं- 1 व्यक्ति (Person) 2. समष्टि (Corporate Body)। व्यक्ति लेखक एक, दो, तीन और तीन से अधिक भी होते हैं। व्यक्ति लेखक की परिभाषा निम्नलिखित है-

A personal author is a person chiefly responsible for the creation of intellectual or artistic content of a work. (Rule 21.1 A1)

अर्थात् किसी कृति की बौद्धिक या कलात्मक रचना के लिये जो मुख्य रूप से उत्तरदायी हों उसको व्यक्ति लेखक कहते हैं।

समष्टि निकाय की परिभाषा निम्नलिखित है-

Corporate body

A corporate body is an organization or group of persons that is identified by a particular name and that acts or may act, as an entity...Typical examples of corporate bodies are associations, institutions, business firms, nonprofit enterprises, governments, government agencies and profits and programmes, religious bodies, local churches and conferences. (Rule 21.1B1)

अर्थात् समष्टि निकाय एक संगठन या व्यक्तियों का समूह है जो किसी खास नाम से जाना-पहिचाना जाता है और एक इकाई के रूप में कार्य करता है ।.... समष्टि निकायों के कुछ विशेष उदाहरण एसोसिएशन, संस्थाएं, व्यापारिक फर्म, अलाभ उद्यम, शासन, शासन की एजेन्सियाँ, धार्मिक निकाय, स्थानीय चर्च और कांफ्रेंस आदि हैं।

लेखक की लेखन विधि

(i) मुख्य संलेख बनाने में शीर्षक रेखा (Heading line) पर लेखक का नाम लिखा जाता है। लेखक चाहे व्यक्ति हो या समष्टि निकाय, शासन या संस्था आदि हो इसका प्रारम्भ फर्स्ट इन्डेन्शन से पड़ी लाल रेखा और बाईं ओर खड़ी लाल रेखा के संगम से प्रारम्भ होता है। फर्स्ट इन्डेन्शन कार्ड के बांये किनारे से 9 स्पेस दूर पड़ता है। यहाँ से लेखक को लिखा जाता है। यदि लेखक का नाम इस लाइन पर पूरा न हो तो वह तीन डॉट... के बाद थर्ड इन्डेन्शन से लिखा जाता है। यह थर्ड इन्डेन्शन काल्पनिक होता है।

(ii) व्यक्ति लेखक के नाम में यदि वंश नाम लगा हो तो वंश नाम को पहिले लिखकर उसके बाद कामा, लगाकर तब व्यक्ति नाम लिखा जाता है। जैसेः- kellogg, S.H. जोशी, मुरलीधर.

(iii) शासन लेखक के रूप में हो और उसका कोई उपशीर्षक (Sub heading) भी हो तो पहिले शासन लिखकर उपशीर्षक लगाया जाता है। जैसेः- India. Ministry of Law भारत. सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(iv) व्यक्ति लेखक दो या तीन नाम वाले भी हों तो केवल प्रथम नाम ही शीर्ष रेखा पर लिखा जाता है। जैसेः- मुरलीधर जोशी और शोभाराम शर्मा 'अर्थशास्त्र' पुस्तक के लेखक

हैं तो केवल जोशी, मुरलीधर शीर्ष रेखा पर लिखा जायेगा। बाद में पुस्तक नाम के बाद दोनों नामों को सीधे क्रम में 'और' शब्द लगाकर लिखा जायेगा। जैसेः- अर्थशास्त्र/मुरलीधर जोशी और सेवाराम शर्मा।

(v) यदि पुस्तक के टाइटिल पेज पर पुस्तक का नाम न छपा हो और लेखक का नाम अन्य बाहरी स्रोत (Source) से पता लगाया गया हो तो उसको ब्रेकेट [ ] में लिखना चाहिये।

(vi) एक समान के दो समष्टि निकाय (Corporate body) होने की संभावना हो तो दोनों में अलगाव के लिए छोटे ( ) में स्थान का नाम जोड़ देना चाहिये। जैसे - Labour Party (U.K.), Labour Party (New Zealand)

By का प्रयोग

-(i) टाइटिल का विवरण लिखने के बाद उसके आगे स्लैस / चिह्न लगाकर लेखक/लेखकों का नाम सीधा लिखा जाता है। स्लैस के बाद AACR-2 के अनुसार यदि टाइटिल पेज पर लेखक के नाम के ऊपर By छपा हो तो लिखा जाता है अन्यथा नहीं।

जैसेः- The classified catalogue : basic principles and practices/by Jesse H. Shera and Margaret E. Egan.

An Introduction to AACR2/Krishan Kumar.

- यहाँ पहिली पुस्तक में टाइटिल पेज पर By छपा है और दूसरी पुस्तक पर नहीं। यहाँ पर यह भी ध्यान रखना चाहिये कि By के बाद लेखक का नाम सीधा लिखा जाता है, जैसा कि ऊपर के उदाहरण में लिखा गया है।

(ii) हिन्दी, संस्कृत की पुस्तकों में By के लिए "कृत" शब्द का प्रयोग करना चाहिये। ऐसी पुरानी परम्परा है।

जैसेः- रामचरित मानस/तुलसीदास कृत

मेघदूत/कालिदास कृत

यदि कृत शब्द का बोधक कोई शब्द जैसे- विरचित, प्रणीत, रचित या लेखक शब्द हो तो भी कृत शब्द लिखना चाहिये।

जैसेः-भास प्रणीत चारुदत्त नाटकम् को चारुदत्त नाटकम्/भास कृत

यदि कृत या उसका बोधक कोई शब्द न छपा हो तो स्लैस के बाद केवल नाम लिखें।

जैसेः- भारत के ग्राम/आनन्द वाजपेयी

संयोजक पद (conjunction) का प्रयोग

(i) व्यक्ति लेखक एक से अधिक भी होते हैं। दो संस्थाएं मिलकर भी पुस्तक प्रकाशित करती हैं। ऐसी स्थिति में अंग्रेजी में And और With शब्द का प्रयोग किया जाता है। इसके लगाने के सम्बन्ध में नियम यह है कि यदि and और with शब्द टाइटिल पर छपा हो तो उसको लगाकर लिखें।

जैसेः- Classified catalogue : basic principles and practice/by Jesse H. Shera and Margaret E. Egan

Experiment in general psychology/James H.L. Roach, with Barbara

R. Sherman...............

with के पहले कामा,लगाया जाता है।

यदि and शब्द जोड़कर नहीं छपा रहता तो उसको केवल कामा, से अलग करके लिखा जाता है।

जैसे:— Reading in psychology: the search for alternative/James A Dyal, William C. Corning, Dale M. Willows.

टाइटिल पेज पर By न होने से नहीं लगाया गया है।

हिन्दी में and के स्थान पर 'और' शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

जैसे- अर्थशास्त्र/मुरलीधर जोशी और सेवाराम शर्मा कृत

भारत का आर्थिक विकास/मदन मोहन श्रीवास्तव,पी.सी. गोलवल्कर और चन्द्रभूषण शर्मा

(ii) यदि तीन से अधिक संयुक्त लेखक हों तो टाइटिल से मुख्य संलेख बनाया जाता है। उसके बाद स्लैस/लगाकर By नहीं लिखा जाता। स्लैस के बाद केवल प्रथम लेखक का नाम लिखकर तीन डॉट ... लगाकर ब्रेंकेट [ ] में et al. लिखा जाता है। यह फ्रैंच शब्द है। इसका अर्थ है [और अन्य] and others.

जैसे Theory of subject catalogue/E.J. Coates...[et al]

डॉट से छूट का संकेत मिलता है कि इसके अन्य लेखक भी हैं। इसके तीन लेखक और भी हैं W.J. Williams, R.O. Roberts और S.R. Ranganathan.

हिन्दी की पुस्तक का उदाहरण है:

वेदान्तिध्वान्तनिवारण/मंजुलता... [और अन्य]

इसके कपिल देव द्विवेदी, देवेन्द्र मिश्र, फतेहसिंह आदि 13 लेखक हैं।

इसी प्रकार समष्टि निकाय (Corporate Body) जिसके अन्तर्गत शासन और संस्थाएं आती हैं, उनके उदाहरण आगे दिये गये हैं।

2. आख्या (Title)

(i) पुस्तक का नाम (Title) सेकेण्ड इन्डेन्शन से प्रारम्भ होता है। यह स्थान कार्ड के बायें सिरे से 13 स्पेस दूर होता है। दाहिनी ओर की खड़ी लाल रेखा और पड़ी लाल रेखा के संगम से टाइटिल लिखा जाता है। यदि उस लाइन पर टाइटिल पूरा न हो सके तो शेष अंश को फर्स्ट इन्डेन्शन से प्रारंभ करके पूरा किया जाता है।

(ii) टाइटिल पेज पुस्तक के विवरण का मुख्य आधार होता है। इस पेज पर टाइटिल जिस रूप में लिखा हो उसी शब्द, क्रम और वर्त्तनी (Spelling) को कार्ड पर उसी रूप में ज्यों का त्यों लिखना चाहिये।

(iii) अंग्रेजी में टाइटिल का प्रथम अक्षर Capital में लिखना चाहिये।

जैसे:- Problem of conduct.

(iv) टाइटिल में जितने व्यक्ति वाचक संज्ञा शब्द (Proper Name) आवें उनका प्रथम अक्षर भी Capital में लिखें।

जैसेः- Shakespeare, India, Hindi, China आदि।

(v) यदि टाइटिल के प्रारंभ में A, An. The में से कोई आर्टिकिल लगा हो तो आर्टिकिल और टाइटिल दोनों के प्रथम अक्षर को Capital में लिखना चाहिये।

जैसे The Complete illustrated Shakespeare.

किन्तु यदि टाइटिल पेज पर कैपिटल लेटर के नियम का पालन न किया गया हो तो टाइटिल पेज पर जैसा लिखा गया हो वैसे ही लिखें।

जैसेः- The material of architecture.

यहाँ पर टाइटिल में m को Capital से नहीं लिखा गया है। अतः ज्यों का त्यों लिखें।

(vi) टाइटिल प्रापर की तरह अवान्तर आख्या (आल्टरनेटिव टाइटिल) और समानान्तर आख्या (पैरलेल टाइटिल) के लिखने में भी इन नियमों को अपनायें।

(vii) पुस्तक का टाइटिल यदि मुख्य संलेख में बनाया जाय तो उसका पूरा विवरण हैंगिंग इन्डेन्शन (Hanging indention) में लिखा जाय। अर्थात् टाइटिल को फर्स्ट इन्डेन्शन से लिखा जाय और शेष विवरण सेकेण्ड इन्डेन्शन से पूर्ववत् लिखा जाय, किन्तु शारीरिक विवरण, नोट, सीरीज और ट्रेसिंग यदि सेकेण्ड इन्डेन्शन से प्रारम्भ करने पर पूरा न हो तो फिर फर्स्ट इन्डेन्शन से लिखा जाय। इसका उदाहरण आगे सम्पादित कृतियों में दिया गया है।

(viii) जब एक लेखक की एक साथ अनेक पुस्तकों को टाइटिल में दिया गया हो और उनकी कोई सामूहिक आख्या (कलेक्टिव टाइटिल) न हो तो उन पुस्तकों के नामों को सेमीकोलन (;) से अलग कर दिया जाय।

जैसेः- दोहावली; कवितावली; गीतावली/तुलसीदास कृत।

यदि इनको एक खंड में रखकर सामूहिक आख्या तुलसी ग्रंथावली भाग 1 कर दिया जाय तो फिर सेमीकोलन नहीं लगेगा।

(ix) लम्बे टाइटिल को संक्षिप्त करके भी लिखा जा सकता है किन्तु आवश्यक सूचना में कमी न हो। संक्षिप्त करने में प्रथम पाँच शब्द (First five words) तो रखना अनिवार्य है। साथ ही छूटे हुये अंश को सूचित करने के लिए तीन डॉट ... लगाना आवश्यक है।

जैसेः- George William Dauglas की पुस्तक The American books of the day: a compendium of information about holidays, festivals, notable anniversaries and Christian and Jewish holidays with notes and other American anniversaries worthy of rememberance.

इस टाइटिल में notable शब्द के पहिले यदि तीन डॉट ... लगाकर छोड़ दिया जाय तो पूरा भाव बना रहेगा और टाइटिल भी संक्षिप्त हो जायेगा।

(x) एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने पर पुस्तक के दो टाइटिल हो जाते हैं। जैसे- History of Japan = जापान का इतिहास। ऐसी पुस्तकों का यदि हिन्दी में कैटलाग करना हो तो लेखक का नाम फर्स्ट इन्डेन्शन से हिन्दी में लिखना चाहिये। फिर टाइटिल का अनूदित नाम, टाइटिल के स्थान पर लिखकर बराबर = का चिह्न बनाकर मूल

टाइटिल लिखना चाहिये।

जैसे:- वाट्स-डंटन, रिचर्ड

जापान का इतिहास = History of Japan.

(xi) यदि टाइटिल के साथ उसकी अन्य उप आख्या (Subtitle) हो तो उसको कोलन : लगाकर लिखना चाहिये और उसके प्रथम अक्षर को अंग्रेजी में स्माल लेटर से लिखना चाहिये।

जैसे:- Botany : an introduction to plant science.

(xii) यदि अवान्तर आख्या (आल्टरनेटिव टाइटिल) या समानान्तर आख्या (पैरेलेल टाइटिल) हो तो अंग्रेजी में उसको इस विधि से लिखना चाहिये।

Call from the East, or, Good Old days.

Road map of Switzerland = Carte stradale delld Svizzera

उस दशा में दोनों टाइटिल के प्रथम अक्षर कैपिटल लेटर से लिखे जाते हैं।

(xiii) यदि मूल टाइटिल, आल्टरनेटिव टाइटिल और अन्य टाइटिल या उपआख्या एक साथ हों तो निम्नलिखित क्रम से लिखा जाता है।

जैसे:- Title proper = parallel title : other title

मूल आख्या = समानान्तर आख्या : अन्य आख्या

(xiv) अगर पुस्तक नाम और लेखक नाम के बीच सम्बंध स्पष्ट न हो तो कोई छोटा-सा वाक्यांश सम्बन्ध बताने के लिए ब्रेकेट [ ] में लिखकर जोड़ दिया जाय।

जैसे:- Indian folk song [collected by] Kewal Kumar

निराला साहित्य सन्दर्भ [सम्मेलन द्वारा संग्रहीत] हिन्दी साहित्य सम्मेलन

3. सहकार (Collaborators)

पुस्तक के लेखक का विवरण लिखने के बाद उस पुस्तक के सहकारों का विवरण लिखा जाता है। सहकारों में अनुवादक, टीकाकार, सम्पादक आदि आते हैं। लेखक के विवरण के बाद सेमीकोलन ; लग ्र इनको टाइटिल पेज पर दिये गये क्रम के अनुसार अंग्रेजी में translated by, edited by, revised by, illustrated by आदि उपयुक्त शब्दों से उनके योगदान के अनुरूप अनुवादक, संपादक आदि को लिखा जाता है। कई सहकार होने पर उनको कामा, से अलग भी किया जाता है।

जैसे:- चेखोव, अन्तोव

कहानियाँ (1864-1903) = Short stories/by A. Chechov;

कृष्ण कुमार द्वारा मूल रूसी से हिन्दी में अनूदित, योगेन्द्र नारायण कृत भूमिका, कुन्सकीनीक्सी और दुलीस्की द्वारा चित्रित, यू.अ. जेलेनकोवा द्वारा सज्जीकरण, मैक्सिम गोर्की द्वारा लिखित 'अन्तोव चेखोव' निबन्ध सहित.——

Shakespeare, William.

The Complete Works illustrated Shakespeare/by William Shakespeare; illustrated by John Gilbert and Ray Abel, engraving by

the Brothers Dalziel, with a foreword by Soloman J. Sehepps.—

जैसा कि ऊपर के हिन्दी उदाहरण से स्पष्ट है, सहकारों के लिए सीधा नाम लिखकर ...द्वारा.... भाषा से .... भाषा में अनूदित, ..द्वारा संशोधित ...द्वारा सम्पादित आदि लिखा जाता है।

4. संस्करण (Edition)

सहकारों का विवरण लिखने के बाद डॉट डैस.— लगाकर संस्करण का विवरण लिखा जाता है। संस्करण के लिए अंग्रेजी में ed. और हिन्दी में सं. लिखा जाता है।

इसके सम्बन्ध में कुछ प्रमुख नियम निम्नलिखित हैं-

(i) संस्करण विवरण में प्रथम संस्करण प्रायः विशेष स्थिति में ही लिखा जाता है। अन्यथा नहीं।

(ii) संस्करण बताने में अक्षर के स्थान पर अंक का प्रयोग किया जाय।

जैसे:- 2nd ed., 3rd ed., 4th ed., 1st Indian ed. 2nd rev.ed, 2nd rev. & enl.ed, New ed.

हिन्दी में 2 रा सं., 2 रा संशो. सं., 2 संशो.परि.सं., नवीन सं.

(iii) यदि पुस्तक के कई संस्करण प्रकाशित हुए हों और पुस्तक में क्रमशः लिखे हों तो अंतिम संस्करण को लिखना चाहिये।

जैसे 14वाँ सं.

प्रथम संस्करण को नोट के अंतर्गत दिया जा सकता है।

(iv) यदि संस्करण का संशोधन आदि पुस्तक के मूल लेखक से भिन्न किसी अन्य व्यक्ति ने किया हो तो उसका नाम संस्करण के बाद स्लैस चिह्न लगाकर लिख देना चाहिये।

जैसः- 5th ed./revised by E. Meintosh.

इस डिक्शनरी के संपादक है H.W. Fowler and F.G. Fowler.

बृहत्कथा मंजरी/क्षेमेन्द्र कृत.—2 रा.सं./शिवदत्त शर्मा और काशी नाथ शर्मा द्वारा संशोधित

5. मुद्रणांक (Imprint)

संस्करण विवरण के बाद डॉट डैस.— लगाकर पुस्तक का प्रकाशन स्थान, प्रकाशक और प्रकाशन वर्प लिखा जाता है। इसको मुद्रणांक या Imprint कहते है।

इसके सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रमुख नियम हैं-

(i) डॉट डैस .—के बाद प्रकाशन स्थान, उसके बाद कोलन लगाकर प्रकाशक की फर्म का नाम और उसके बाद कामा, लगाकर प्रकाशन वर्प लिखा जाता है।

जैसे.—नई दिल्ली : किताबघर, 1963

.— London : McGraw-Hill, 1983

(ii) अंग्रेजी में छपे प्रकाशन स्थान, प्रकाशक फर्म दोनों के प्रत्येक शब्द के प्रथम अक्षर को कैपिटल लेटर से लिखना चाहिये क्योंकि ये व्यक्तिवाचक नाम होते हैं।

जैसे.— Newyork : Haughton Miffin, 1953.

(iii) यदि प्रकाशक का प्रकाशन एक से अधिक देशों से होता हो तो पहले के दो स्थानों का नाम लिखना चाहिये। पहले स्थान के बाद सेमीकोलन; लगाना चाहिये।

जैसे.—— London; Bombay : Macmillan, 1973

(iv) प्रकाशन का नाम प्रसिद्ध रूप में लिखना चाहिये। उसके साथ सड़क, गली आदि का नाम न जोड़ना चाहिये।

जैसे.—— इलाहाबाद : नरेन्द्र प्रकाशन, 1956

इसको 856 मुठ्ठीगंज नरेन्द्र प्रकाशन न लिखें।

(v) यदि प्रकाशन वर्ष न दिया गया हो तो प्रथम संस्करण का वर्ष या कापीराइट का वर्ष C लिखकर देना चाहिये।

जैसे.—— इलाहाबाद : साहित्य भवन, C 1976

(vi) यदि प्रकाशक का नाम न दिया गया हो तो प्रकाशक के स्थान पर s.n. लिख देना चाहिये।

(vii) यदि प्रकाशन (Publication) का नाम न दिया गया हो तो उसके स्थान पर s.i. लिख देना चाहिये।

(viii) यदि प्रकाशन स्थान प्रसिद्ध न हो तो उसके साथ जिला, प्रदेश या देश का नाम भी जोड़ दिया जाता है।

जैसे.— आदमपुर [इलाहाबाद] : मिश्र बंधु प्रकाशन, 1958.

6. शारीरिक विवरण (Physical description)

मुद्रणांक विवरण के बाद पुस्तक का शारीरिक विवरण सेकेण्ड इन्डेन्शन से प्रारम्भ किया जाता है। इसमें पुस्तक का खंड Volume, पृष्ठ संख्या (Pages) चित्रण (चित्र, मैप, प्लेट) और पुस्तक के आकार (ऊंचाई) को लिखा जाता है। यदि ऊंचाई से चौड़ाई अधिक हो तो ऊंचाई x चौड़ाई लिखें। जैसे 5x8 cm.

(i) यदि पुस्तक कई खंडों में हो तो उसकी संख्या लिखकर अंग्रेजी में V और हिन्दी में खं लिखें।

जैसे 9V. 9खं.

(ii) यदि पुस्तक के खंडों में और शारीरिक विवरण में अंतर हो तो उसको निम्नलिखित रूप में लिखें।

जैसे 10 V.in 7 10 खंड 7 जिल्दों में

इसका अर्थ यह है कि पुस्तक के 10 Volumes हैं किन्तु वे 7 जिल्दों में ही बंधे हैं।

(iii) अनेक खंडों वाली पुस्तक के विवरण में विशेषतः पत्रिकाओं के खंडों के विवरण में यदि लाइन भर जाये तो Volume को थर्ड इन्डेन्शन से लिखें।

(iv) यदि Volumes की पृष्ठ संख्या अलग-अलग हो तो निम्नलिखित विधि से लिखें।

जैसे- 4V, (14, 17, 18, 19P); 30 cm

2V, (X, 555, 602); 22cm.

(v) यदि खंडों की संख्या के पेज लगातार हों तो इस प्रकार लिखें।

3V. (xxii, 992)

(vi) यदि प्रत्येक volume की संख्या अलग-अलग हो उसको इस प्रकार भी लिख सकते हैं।

10V. (Various paging)

बिना Volume वाली स्वतंत्र पुस्तक की पृष्ठ संख्या निम्नलिखित नियमों के अनुसार लिखें।

(vii) यदि प्रारम्भ से अंत तक पृष्ठ संख्या एक क्रम से हो तो पृष्ठ संख्या लिखकर : कोलन लगाकर illustration हो तो ill लिखें। फिर सेमी कोलन लगाकर पुस्तक की ऊंचाई सेंटीमीटर से नाप लिखें।

जैसे-324 p. : ill; 21cm.

324 p. : सचित्र; 21 सम

(viii) यदि चित्र नहीं हैं तो कोलन को न लगाकर केवल सेमीकोलन लगाकर ऊंचाई लिखें।

जैसे - 414p; 22cm.

414p.; 22 सम

(ix) यदि पुस्तक के प्रारम्भ के पृष्ठों की पृष्ठ संख्या न दी गई हो और उसके बाद कुछ पृष्ठों की संख्या भूमिका आदि के रूप में दी गई हो और बाद में मूल ग्रंथ की पृष्ठ संख्या आदि से अंत तक क्रमशः दी गई हो तो बिना गिनती के छपे पृष्ठों को गिनकर ब्रैकेट में लिखे। उसके बाद वाले पृष्ठों को रोमन में तथा मूल ग्रंथ के पृष्ठों को अरैबिक अंकों में लिखें।

जैसे- [10], xxx, 232p.;

(x) यदि पुस्तक में प्रारम्भ में कुछ पृष्ठों के नम्बर अलग हों और उसके बाद मूल पुस्तक नये नम्बर 1 से प्रारम्भ होकर अन्त तक गिनती में पृष्ठ संख्या हो तो पहले को रोमन में तथा दूसरे को अरैबिक अंकों में लिखें।

जैसे- xvii, 308p.;

(xi) चित्र युक्त होने पर xvii, 308p : ill; 20cm.

(xii) यदि पुस्तक में कुछ ही चित्र रंगीन हों तो ऐसे लिखें —— 28p :ill. [some col.]; 20 cm यदि चित्र के साथ मैप भी हों तो ऐसे लिखें 420p. : ill, maps; 22cm। यदि पुस्तक के अंत में अलग से पेजिंग करके कुछ अध्ययन-सामग्री दी गई हो तो धन का चिहृन (प्लस) + लगाकर अंत में लिखें।

जैसे 320 p. : ill; 22 cm + Test Paper.

7. माला, उपमाला (*Series, Subseries*)

(i) पुस्तक के शारीरिक विवरण के बाद पुस्तक यदि किसी सीरीज में छपी हो तो उस माला या सीरीज का नाम डॉट डैश .—— लगाकर छोटे ब्रैकेट में लिखा जाता है। सीरीज का क्रमांक भी सेमीकोलन ; लगाकर अरैबिक अंकों में लिखा जाता है।

जैसे x, 253p.; 21cm .—— (American Series on Physics; 9)

480 पृ.;23सम.— (सरस्वती भवन ग्रंथ माला; 103)
(ii) यदि माला की कोई उपमाला (Sub-series) हो तो मुख्य सीरीज को पहले पूर्ववत् लिखकर ब्रैकेट बन्द नहीं किया जाता। मुख्य सीरीज के बाद हाइफेन - लगाकर, उपमाला का नाम लिखकर, सेमी कोलन ; लगाकर, उसका क्रमांक अरैबिक नम्बर में लिखकर तब ब्रैकेट बन्द किया जाता है।

जैसे.—(Department of State publication; 8538-East Asian Pacific series; 198)
(iii) यदि दो स्वतंत्र मालाएं हों, तो इस प्रकार लिखें।

.—(Ranganathan series of library science ; No.54) (Madras Library Association Series ; No.26)

8. टिप्पणी (Note)

टिप्पणी या नोट को सेकेण्ड इन्डेन्शन से लिखा जाता है। न पूरा होने पर फर्स्ट इन्डेन्शन से लिखा जाता है। प्रत्येक नोट को अलग-अलग पैराग्राफ में लिखना चाहिये। इसका चिह्न कोलन है।

जैसे- Previously published as:

Based on .....

Thesis

Originally published as.....

आदि टिप्पणी के विविध रूप हो सकते हैं।

9. विषय सूची (Contents)

पुस्तक की विषय सूची का प्रयोग दुर्लभ अवसर पर किया जाता है। जैसे किसी निबंध संग्रह में कई निबंध हों तो उनका लेखक सहित निबंध का नाम और क्रम दे देने से पाठक को कुछ सुविधा होती है।

इसके उदाहरण आगे दिये गये हैं।

10. विषयादि संकेत (Tracing)

सूचीकार को वर्गकार या मुख्य सूचीकार संकेत देता है कि इस पुस्तक का विषय क्या है और इसके कितने कार्ड बनेंगे। इसे Tracing कहते हैं। इसको सेकेण्ड इन्डेन्शन से प्रारम्भ किया जाता है। स्थान की कमी होने पर शेष अंश को फर्स्ट इन्डेन्शन से लिखा जाता है। कार्ड के छेद से ऊपर यह विवरण यदि पूरा हो जाय तो अच्छा रहता है।

ट्रेसिंग में पहले पुस्तक का विषय शीर्षक शब्दों में अरैबिक अंकों में लिखा जाता है। जैसे

1 Economics

1 Library organization 2 Library administration

इसके साथ ही पुस्तक के सहकार और आख्या की (यदि वह मुख्य संलेख न हो) ट्रेसिंग दी जाती है। इसके विषय की ट्रेसिंग के बाद रोमन अंकों में लिखा जाता है। जैसे I Golvalkar, P.C. II Sharma, Chandra Bushan III आख्या। इस पुस्तक में अध्याय

4 से मुख्य संलेखों के नीचे ट्रेसिंग दी गई है। उनको देखकर समझा जा सकता है।

सूचीकार चाहे तो संयुक्त लेखक, संपादक आदि सहकारों का उल्लेख उनके कार्य के अनुसार करे चाहे न करे।

जैसे : Golvalkar, P.C. Jt. Auth. या केवल ऊपर की तरह नाम दे दे।

यह ध्यान रखना चाहिये कि सहकारों की ट्रेसिंग में पहले वंश नाम फिर कामा, उसके बाद पूरा या संक्षिप्त नाम जैसा टाइटिल पेज पर छपा हो, लिखना चाहिये। संक्षिप्त व्यक्ति नाम को डॉट लगाकर लिखें जैसे ऊपर लिखा गया है।

क्रामक संख्या

सूचीकार्ड पर क्रामक संख्या (Call No.) को कार्ड के सिरे से कुछ नीचे तथा पड़ी लाल रेखा के ऊपर लिखा जाता है। इस पुस्तक में दिये गये उदाहरणों में कॉल नम्बर कार्ड पर लिखा गया है।

संग्रहांक (Collection No.)

किसी किसी पुस्तकालय में कुछ विशिष्ट संग्रह भी होते हैं। जैसे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में Jha Collection, हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संग्रहालय में मेजर वसु का वसु संग्रह और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद्, लखनऊ के पुस्तकालय में डॉ. मंगल देव शास्त्री संग्रह तथा डॉ. सत्यव्रतसिंह संग्रह हैं। इन संग्रहों की पुस्तकों को अपने सामान्य पुस्तकालय की पुस्तकों से अलग रखने के लिए संग्रहों के एक संकेत बनाये गये हैं। जैसे मंगल देव शास्त्री संग्रह के लिए "मं"। यह संकेत कार्ड पर Call No. के ऊपरी सिरे पर लिख दिया जाता है और प्रत्येक पुस्तक पर भी पुस्तक लेबेल, आदि पर लिखे रहने से अलगाव रहता है।

परिग्रहण संख्या (Accession No.)

प्रत्येक पुस्तक की परिग्रहण संख्या या क्रमांक सूची कार्ड पर ऊपर से काल्पनिक सात लाइन नीचे काल नम्बर के निचले भाग में फर्स्ट इन्डेन्शन से बायें खाली स्थान पर लिखा जाता है। इस पुस्तक के दिये गये उदाहरणों में इसे देखा जा सकता है।

कुछ संकेत

Illustration	=	ill
No name (of publisher)	=	s.n.
No name (of publication)	=	s.i.
Part, Parts	=	pt. pts
Revised	=	rev.
बाहरी स्रोत से प्राप्त किसी आइटम के विषय में सूचना	=	[ ]

* * *

अध्याय 4

विविध संलेखों के कुछ उदाहरण

(Few Examples of Various Entries)

इस पुस्तक के अध्याय 3 में सूचीकार्ड पर संलेख के अंगों (Parts of Entries) का परिचय दिया गया है और उनके लिखने की विधि (Rendering) भी बताई गई है। एक से अधिक व्यक्तिलेखक, सहकार, सम्पादक, संग्रहकर्ता, लेखक के नाम न होने पर प्रकाशक, टाइटिल, अनुवादक, चित्रकार, सीरीज, विश्लेषक संलेख आदि के सामान्य रूप से अतिरिक्त संलेख बनाये जाते हैं। इस सम्बन्ध में AACR-2 के द्वितीय संस्करण में पृ. 323 से 325 तक नियम (21.29 से 21.30 तक) दिये गये है। इस अध्याय में मुख्य संलेख (Main Entry), अतिरिक्त संलेख (Added Entry) और अन्तर्निर्देश संलेख (Cross Reference Entry) या संदर्भ संलेख के कुछ उदाहरण नीचे दिये जा रहें हैं। ये उदाहरण AACR-2 के अनुसार ऐकिक पत्रक (Unit Card) के नमूने पर बनाये गये हैं।

Main Entry

491.435 Kel/S/G	Kellogg, S.H.
2723	Grammar of the Hindi language/by S.H. Kellogg.— reprinted ed. — London: Routledge & Kegan Paul, 1955. XXXIV, 548p; 21cm. 1 Hindi language-Grammar I Title O

Single Personal Author

491.435 KEL/S/G	Hindi Language - Grammar Kellogg, S.H.
2723	Grammar of the Hindi language/by S.H. Kellogg.— reprinted ed.— London : Routledge & Kegan Paul, 1955. XXXIV, 548p; 21cm. 1 Hindi language - Grammar I Title 0

Added Entry for Subject

491.435 KEL/S/G	Grammar of the Hindi Language Kellogg,S.H.
2723	Grammar of the Hindi language/by S.H. Kellogg.— reprinted ed.— London : Routledge & Kegan Paul, 1955. XXXIV, 548p; 21 cm. 1 Hindi language- Grammar I Title 0

Added Entry for Title

लेखक का मुख्य संलेख

954.03 झा/वि/स्व	झा, विशन नारायण	
4818		स्वतंत्रता संग्राम की कहानी/विशन नारायण झा कृत.—— नई दिल्ली : किताब घर, 1963. 430 पृ. ; 22 सम 1 भारत - इतिहास I आख्या O

954.03 झा/वि/स्व	झा,	भारत - इतिहास विशन नारायण
4818		स्वतंत्रता संग्राम की कहानी/विशन नारायण झा कृत.—— नई दिल्ली: किताब घर, 1963. 430 पृ0 ; 22सम 1 भारत-इतिहास I आख्या O

विषय का अतिरिक्त संलेख

954.03 झा/वि/स्व	झा,	स्वतंत्रता संग्राम की कहानी विशन नारायण
4818		स्वतंत्रता संग्राम की कहानी/विशन नारायण झा कृत.—— नई दिल्ली : किताब घर, 1963. 430 पृ0; 22 सम 1 भारत- इतिहास I आख्या O

आख्या का अतिरिक्त संलेख

नोट- इस पुस्तक का मुख्य संलेख आगे अध्याय 5 में दिया गया है। जब पुस्तक के कार्ड हाथ से लिखे जाते हैं या टाइप कराये जाते हैं तो विषय आदि संकेत (Tracing) नीचे लिखना अतिरिक्त संलेखों में आवश्यक नहीं समझा जाता किन्तु छपे कार्डों पर ट्रेसिंग सभी अतिरिक्त संलेखों में दी जाती है जैसा ऊपर की पुस्तकों के उदाहरण में दिया गया है।

आगे अंग्रेजी की एक पुस्तक का उदाहरण दिया गया है जिसमें अतिरिक्त संलेख में ट्रेसिंग नहीं दी गयी है।

338.7 LAW/R/O	Lawrence, Paul R.
6189	Organization, behaviour and administration : cases, concepts and research findings by Paul R. Lawrence, Robert, C. Katz and John A Seller; edited by Amy Winslow and Joeckel Careton B.— Illinois : Homewood, 1961. XII, 317p; 23cm.— (The Irwin Dorsey series in behaviourial science in business; No 74) edited by Lowell Martin and N.D. Needham. 1. Production - organization 2. Production - administration 3. Production- behaviour 4. Production- research findings I Katz, Robert C. Jt. auth. II Seller, John A. Jt. author III Winslow, Amy, editor, IV Joeckel, Careton B. Jt. editor, V Title, VI Series, VII Martin, Lowell ed. of series VIII Needham, N.D. Jt. ed. of the series. O

Main Entry

338.7 Law/R/O	Production - Organization Lawrence, Paul R.
     6189	Organization, behaviour and administration: cases, concepts and research findings by Paul R. Lawrence, Robert, C. Katz and John A. Seller; edited by Amy Winslow and Joeckel Careton B .—— Illinois : Homewood, 1961. XII, 317p; 23 cm.—— (The Irwin Dorsey series in behaviourial science in business; No. 74) edited by Lowell Martin and N.D. Needham. O

Added Entry for Subject

338.7 LAW/R/O	Production - Administration Lawrence, Paul R.
     6189	Organization, behaviour and administration: cases, concepts and research findings by Paul R. Lawrence, Robert, C. Katz and John A. Seller; edited by Amy Winslow and Joeckel Careton B .—— Illinois : Homewood, 1961. XII, 317p; 23 cm.——(The Irwin Dorsey series in behaviourial science in business; No 74) edited by Lowell Martin and N. D. Needham. O

Added Entry for Subject

338.7 LAW/R/O	Production-Behabiour Lawrence, Paul R.
6189	Organization, behaviour and administration: cases, concepts and research findings by Paul R. Lawrence, Robert, C. Katz and John A. Seller; edited by Amy Winslow and Joeckel Careton B .___ Illinois : Homewood, 1961. XII, 317p; 23 cm.___(The Irwin Dorsey series in behaviourial science in business; No 74) edited by Lowell Martin and N. D. Needham. O

Added Entry for Subject

338.7 LAW/R/O	Production-Research Finding Lawrence, Paul R.
61.89	Organization, behaviour and administration: cases, concepts and research findings by Paul R. Lawrence, Robert, C. Katz and John A. Seller; edited by Amy Winslow and Joeckel Careton B .___ Illinois : Homewood, 1961. XII, 317p; 23 cm.___(The Irwin Dorsey series in behaviourial science in business; No 74) edited by Lowell Martin and N. D. Needham. O

Added Entry for Subject

